हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, सोमवार 6 जुलाई 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट


तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री



11 108 पौधों से हरियाली का संकल्पः भूतड़ा परिवार व 'सहयोग'...



10 हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने फिर की मंदिर का ताला ...

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति परीक्षा में पीएम श्री सेजेस के तीन विद्यार्थियों का चयन

**बेमेतरा।** पीएम श्री सेजेस शिव लाल राठी (अंग्रेजी माध्यम) बेमेतरा के विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति (एनएमएमएसएस) परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय के टोपेन्द्र वर्मा, श्रेयांश साहू एवं भावना साहू का चयन इस प्रतिष्ठित छात्रवृत्ति परीक्षा में हुआ है। चयनित विद्यार्थियों को कक्षा 9वीं से 12वीं तक चार वर्षों के लिए प्रतिमाह 1,000 की छात्रवृत्ति मिलेगी। इस प्रकार उन्हें एक वर्ष में 12,000 तथा चार वर्षों में कुल 48,000 की आर्थिक सहायता प्राप्त होगी, जिससे उनकी आगे की पढ़ाई में सहयोग मिलेगा। इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य रामकुमार डड़सेना ने चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय साधन-सह-मेधा छात्रवृत्ति योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को वित्तीय सहायता प्रदान कर उन्हें माध्यमिक शिक्षा बीच में छोड़ने से रोकना और उच्च शिक्षा के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने इस सफलता का श्रेय विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के समर्पित मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग को दिया।

एनएमएमएसएस परीक्षा की मेंटर वर्षा साहू (प्रधानाध्यापिका) ने भी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि यह सफलता उनके निरंतर परिश्रम, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिणाम है। विद्यार्थियों की इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का वातावरण है।

## मौसम : दिनभर होती रही फुहार, कई इलाकों में सड़कों और घरों में घुसा पानी

# रिमझिम बारिश से थमी शहर की रफ्तार जनजीवन हुआ प्रभावित, खेत-खार लबालब








हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा


जिले में रविवार को सुबह से देर शाम तक लगातार रिमझिम बारिश का सिलसिला जारी रहा। बिना तेज हवा, गरज-चमक और आंधी के हुई शांत लेकिन लगातार बारिश ने पूरे शहर की रफ्तार थाम दी। शहर के कई मोहल्लों में सड़कें पानी से लबालब नजर आईं, जबकि निचले इलाकों के कई घरों में भी पानी घुस जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। लगातार बरसती फुहारों के कारण बाजारों में चहल-पहल कम रही और जनजीवन पूरे दिन प्रभावित रहा।

- सड़कों पर जलभराव, बाजारों में रही सुस्ती
- बिजली की आंख-मिचौली से लोग रहे परेशान

लगातार तीन दिनों से हो रही बारिश ने जिला मुख्यालय में नगर पालिका की चरमराई व्यवस्थाओं की भी पोल खोलकर रख दी। शहर के कई वार्डों और प्रमुख मार्गों पर जलभराव की स्थिति बन गई। कहीं नालियों की समुचित सफाई नहीं होने से पानी सड़कों पर जमा रहा तो कहीं जल निकासी की व्यवस्था नाकाफी साबित हुई। लोगों का कहना है कि हर वर्ष बारिश के दौरान यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। हालांकि, इस बारिश ▶▶|शेष पेज 11 पर

## बदहाल व्यवस्थाः बारिश में वार्ड जलमग्न, नपा सभापति को खुद उतरना पड़ा नाली की सफाई में





**बेमेतरा।** बारिश की पहली ही झड़ी ने नगर पालिका की तैयारियों की पोल खोलकर रख दी। वार्ड क्रमांक 11 में जलभराव की गंभीर स्थिति बनने के बाद नगर पालिका के सभापति एवं भाजपा पार्षद विकास तम्बोली को स्वयं नाली में उतरकर सफाई करनी पड़ी। यह घटनाक्रम इसलिए भी चर्चा का विषय बना हुआ है क्योंकि प्रदेश और नगर, दोनों जगह भाजपा की सरकार है, इसके बावजूद नगर पालिका की व्यवस्था इतनी लचर नजर आई कि एक जनप्रतिनिधि को सफाई कर्मचारी की भूमिका निभानी पड़ी। रविवार को लगातार बारिश के बीच वार्ड की गलियों और मोहल्लों में पानी भरने लगा। लोगों के घरों तक पानी पहुंचने की स्थिति बन गई। हालात बिगड़ते देख सभापति विकास तम्बोली स्वयं फावड़ा लेकर बड़ी नाली का मलबा निकालने में जुट गए। करीब पांच घंटे तक बारिश में भीगते हुए उन्होंने पंजाबी पारा, गंजपारा, दुर्ग रोड, गस्ती चौक, आरामिल गली, रायपुर ▶▶|शेष पेज 11 पर

- नगर पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल

### जिले में अब तक 93.6 मिमी. औसत वर्षा दर्ज

जिले में 01 जून से 05 जुलाई रविवार तक की स्थिति में सवेरे 8.00 बजे तक जिले में 93.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 127.2 मि.मी. तथा न्यूनतम 60.7 मि.मी. वर्षा नंदघाट तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 63 मि.मी. वर्षा, देवकर तहसील में 125 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 102.4 मि.मी. व भिंभौरी तहसील में 87.5 मि.मी., साजा तहसील में 97 मि.मी.वर्षा, थानखम्हरिया तहसील मे 112 मि.मी. वर्षा एवं नवागढ़ तहसील में 68 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# प्रेम प्रसंग में पत्नी ने प्रेमी संग रची पति की हत्या की साजिश

## तीन आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज. बेमेतरा/थानखम्हरिया

थाना क्षेत्र के ग्राम कोपेडबरी में हुए सनसनीखेज जानलेवा हमले का पुलिस ने महज तीन दिनों के भीतर पर्दाफाश कर दिया है। मामले में सबसे चौंकाने वाला खुलासा यह हुआ कि घायल मनोहर साहू की हत्या की साजिश उसकी पत्नी ने ही अपने प्रेमी के साथ मिलकर रची थी। प्रेम प्रसंग में बाधा बन रहे पति को रास्ते से हटाने के लिए पत्नी ने प्रेमी और उसके एक साथी के साथ मिलकर पूरी योजना बनाई और सोते समय उस पर जानलेवा हमला कराया। पुलिस ने मामले में आरोपी पत्नी रानी साहू (23), उसके प्रेमी योगेंद्र चौहान उर्फ बादल (24) निवासी ग्राम कोसमंदा, थाना पिपरिया, जिला कबीरधाम तथा उसके साथी कन्हैयालाल उर्फ केडी यादव (23) को गिरफ्तार कर लिया है। तीनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना अपराध स्वीकार कर लिया है। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त हॉकी स्टिक और चाकू भी बरामद कर लिया है। आरोपियों ▶▶|शेष पेज 11 पर

- कोपेडबरी में सोते समय हॉकी स्टिक व चाकू से किया था जानलेवा हमला

### सोते समय किया था जानलेवा हमला

जानकारी के अनुसार, 1 और 2 जुलाई की दरम्यानी रात ग्राम कोपेडबरी निवासी मनोहर साहू (41) अपने घर में सो रहा था। इसी दौरान आरोपियों ने घर में घुसकर उस पर हॉकी स्टिक एवं धारदार हथियार से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में उसके सिर पर गंभीर चोटें आईं तथा हाथ की नस भी कट गई। गंभीर रूप से घायल मनोहर साहू को पहले स्थानीय अस्पताल और बाद में रायपुर स्थित एम्स में भर्ती कराया गया, जहां उसकी हालत अब भी नाजुक बनी हुई है।

### प्रेम प्रसंग बना वारदात की वजह

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी महिला का योगेंद्र चौहान से प्रेम संबंध था। पति मनोहर साहू इस संबंध में सबसे बड़ी बाधा बन रहा था। इसी कारण पत्नी ने प्रेमी और उसके साथी के साथ मिलकर उसे हमेशा के लिए रास्ते से हटाने की साजिश रची। पूर्व नियोजित योजना के तहत दोनों युवकों ने रात के समय घर पहुंचकर मनोहर पर जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद क्षेत्र में भारी आक्रोश व्याप्त था। पीड़ित के भाई मालिक राम साहू की रिपोर्ट पर थाना थानखम्हरिया में अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की ▶▶|शेष पेज 11 पर




**खबर संक्षेप**

### 15 से लागू होंगे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम

**कवर्धा।** जिले में स्वच्छता को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और स्वच्छ छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से कलेक्टर गोपाल वर्मा ने जिलेवासियों से 15 जुलाई 2026 से लागू होने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 (एस डब्ल्यू एम रूल्स) का पूर्ण रूप से पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और स्वस्थ कबीरधाम के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है। कलेक्टर श्री वर्मा ने बताया कि 15 जुलाई से जिले के सभी घरों, दुकानों, संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर कचरे का पृथक्करण अनिवार्य होगा। प्रत्येक परिवार को चार प्रकार के कचरे के लिए अलग-अलग डिब्बों की व्यवस्था करनी होगी। इसमें हरे डिब्बे में गीला कचरा, नीले डिब्बे में सूखा कचरा, लाल चिन्हित डिब्बे में सेनेटरी कचरा तथा काले डिब्बे में हानिकारक कचरा रखा जाएगा। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता दीदियों को घर-घर कचरा संग्रहण के दौरान पृथक-पृथक कचरा ही सौंपें और मेरा कचरा-मेरी जिम्मेदारी का संकल्प अपनाएं। कलेक्टर ने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने खुले में कचरा फेंकने, नालियों में कचरा डालने अथवा कचरे में आग लगाने पर ग्राम पंचायत द्वारा 500 रुपये से 5000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जाएगा।

**चोरी:** सिल्हाटी के विश्वेश्वर महादेव मंदिर से चांदी के आभूषण व पूजन सामग्री पार

# हौसला बुलंद अज्ञात चोरों ने फिर की मंदिर का ताला तोड़कर चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा/पोंड़ी

अभी करीब हप्ते भर पूर्व जिला मुख्सालय कवर्धा स्थित सब्जी बाजार के पास हनुमान मंदिर से अज्ञात चोरों द्वारा चोरी किए गए 25-30 तोला चांदी के मुकुट की बारदात के आरोपी को कवर्धा पुलिस पकड़ भी नहीं पाई है कि एक बार फिर अज्ञात चोरों ने पोंड़ी पुलिस चौंकी अंतर्गत ग्राम सिल्हाटी के विश्वेश्वर महादेव मंदिर में शनिवार-रविवार की दरमियानी रात हांथ साफ करते हुए चोरी की बारदात को अंजाम दिया है।

बताया जाता है कि अज्ञात चोर ने मंदिर से चांदी का मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य पूजन सामग्री चोरी कर चंपत हो गया। ग्रामीणों द्वारा चोरी की सूचना पुलिस को देने के बाद जांच टीम ने मौके पर पहुंचकर मौका मुआयना कर अपनी औपचारिकताएं पूरी कर दी है।

अब चोर कब पकड़ा जाएगा इसका कोई ठिकाना नहीं है और न ही पुलिस इस सवाल का कोई ठोस जवाब ही दे पा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सिल्हाटी में सनातनीयों के प्रमुख आस्था और विश्वास के केन्द्र विश्वेश्वर महादेव मंदिर में बीती रात अज्ञात नकाबपोश चोर ने धावा बोलते हुए पहले मंदिर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और फिर भगवान के चांदी के मुकुट, त्रिशूल सहित अन्य पूजन सामग्री चोरी कर फरार हो गया।

इस घटना की जानकारी मंदिर के पुजारी को रविवार की सुबह उस समय हुई जब पुजारी रोज की तरह मंदिर खोलने पहुंचे। बताया जाता है कि मंदिर का ताला टूटा हुआ था और मंदिर के अंदर सामान बिखरा पड़ा था तथा भगवान के चांदी के मुकुट, त्रिशूल व अन्य पूजन सामग्री गायब थी। चोरी का पता चलते ही पुजारी ने इसकी जानकारी आसपास के ग्रामीणों को दी, जिसके बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई। बाद में इसकी शिकायत पोंड़ी पुलिस को दी गई। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने मौका मुआयना कर अपनी पड़ताल शुरू कर दी है लेकिन अभी तक आरोपी का कोई सुराग नहीं मिल पाया है।



**चोरी की पूरी बारदात कैमरे में कैद**

अज्ञात नकाबपोश चोर द्वारा सिल्हाटी के विश्वेश्वर महादेव मंदिर की गई इस चोरी की पूरी बारदात सीसी टीव्ही कैमरे में कैद हो चुकी है। जिसमें आरोपी बड़े ही बेखौफ ढंग से बारदात को अंजाम देते नजर आ रहा है। हालांकि कैमरे में आरोपी का चेहरा स्पष्ट नजर नहीं आ रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने इस फुटेज को पुलिस के हवाले कर दिया है। अब देखने वाली बात होगी कि पुलिस आरोपी को कब तक पकड़ पाती है।

**चोरों के निशाने पर जिले के मंदिर पुलिस लाचार**

कबीरधाम जिले में मंदिरों में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। कुछ दिन पहले ही कवर्धा शहर के नवीन बाजार स्थित हनुमान मंदिर से करीब 30 तोला चांदी का मुकुट चोरी हो गया था। इस मामले में भी शिकायत दर्ज होने के बावजूद अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिले के अन्य मंदिरों में भी पूर्व में ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। लगातार हो रहे इस तरह की घटनाओं से लोगों के अंदर गुस्सा व असंतोष बढ़ रहा है। वहीं पुलिस चोरी के इन मामलों में लाचार नजर आ रही है।

# पेट्रोल पंप परिसर में खड़े वाहनों से डीजल की चोरी

■ शिकायत के बाद भी पुलिस प्रशासन नहीं कर रहा कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पाण्डातराई

नगर स्थित एक पेट्रोल पंप परिसर में अज्ञात चोरों ने देर रात चार वाहनों से डीजल चोरी कर लिया। चोरी की इस घटना में पेट्रोल पंप के स्वयं के टैंकर से भी करीब 100 से 120 लीटर डीजल पार कर दिया गया।



मामले में पेट्रोल पंप संचालक ने थाना पांडातराई में लिखित शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। जानकारी के अनुसार, मेसर्स विजय फ्युल्स के संचालक विजय कुमार गुप्ता ने थाना प्रभारी को दिए आवेदन में बताया है कि 4 जुलाई 2026 की रात करीब 2 बजे पेट्रोल पंप परिसर के भीतर खड़े चार वाहनों को अज्ञात चोरों ने निशाना बनाया। इस दौरान उनके टैंकर क्रमांक सीजी 04 पीएफ 9933 से भी लगभग 100 से 120 लीटर डीजल चोरी कर लिया गया, जिससे आर्थिक नुकसान हुआ है।

संचालक का आरोप है कि पेट्रोल पंप परिसर में डीजल चोरी की घटनाएं लगातार हो रही हैं। इस संबंध में पहले भी थाना पांडातराई में लिखित एवं मौखिक शिकायतें की जा चुकी हैं, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से असामाजिक तत्वों के हौसले बुलंद हैं और चोरी की घटनाएं दोबारा हो रही हैं। आवेदन में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई करने, घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच कर आरोपियों की पहचान करने, पेट्रोल पंप परिसर एवं आसपास नियमित रात्रि गश्त बढ़ाने तथा पूर्व में की गई शिकायतों पर हुई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने की मांग की गई है। पेट्रोल पंप संचालक ने उम्मीद जताई है कि पुलिस प्रशासन मामले को गंभीरता से लेते हुए त्वरित कार्रवाई करेगा और भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाएगा।

**पुलिस की कार्रवाई का इंतजार**

पेट्रोल पंप संचालक का कहना है कि बार-बार शिकायत के बावजूद यदि समय रहते प्रभावी कार्रवाई होती तो दोबारा चोरी की घटना नहीं होती। अब उन्होंने पुलिस से शीघ्र एफआईआर दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग की है।

# 6 से 8 जुलाई तक विशेष शिविर, 9 जुलाई से वार्डवार सर्वे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ सरकार ने नगरीय क्षेत्रों में रहने वाले आवासहीन लोगों के लिए बड़ा फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ नगरीय क्षेत्रों में आवासहीन व्यक्ति को पट्टाधृति अधिकार नियम, 2023 के तहत अब पात्र लोगों को शासकीय भूमि का निःशुल्क पट्टा 30 वर्षों के लिए प्रदान किया जाएगा।

नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी ने 6 जुलाई से लेकर 8 जुलाई तक चलने वाले शिविर को लेकर नगर पालिका पार्षदों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर आवश्यक चर्चा की।

उन्होंने कहा कि आवासहीन एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की योजना का लाभ समय पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य यह शिविर का आयोजन किया जा रहा है। नगरीय क्षेत्र में प्रस्तावित पट्टा सर्वे अभियान में सर्वे कार्य पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराया जाए। शासन की मंशा के अनुरूप पात्र एवं आवासहीन परिवारों तक योजना का लाभ पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सर्वे के दौरान किसी भी पात्र हितग्राही का नाम छूटना नहीं चाहिए तथा सभी आवेदनों की गंभीरता से परीक्षण किया जाए।



**बैठक में सीएमओ ने दी जानकारी**

बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी नारायण साहू ने बताया कि पट्टाधृति अधिकार नियम-2023 के तहत नगर क्षेत्र के पात्र आवासहीन व्यक्तियों को निर्धारित सीमा (800 वर्गफीट) तक नवीन पट्टा प्रदान किया जाएगा। इसके साथ ही अतिरिक्त कब्जे की भूमि का नियमितीकरण, अवैध अथवा अनियमित पट्टा हस्तांतरण का नियमितीकरण तथा भूमि उपयोग परिवर्तन से जुड़े प्रकरणों का भी सर्वे एवं परीक्षण किया जाएगा। नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए नगर पालिका एवं जिला प्रशासन की संयुक्त टीम द्वारा 6 जुलाई से 8 जुलाई 2026 तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है ।

**कवर्धा नगर के इन स्थानों पर लगेंगे शिविर**

कवर्धा में ये शिविर वीर सावरकर भवन कवर्धा में 6 से 8 जुलाई, पीजी कॉलेज डोम परिसर 7 एवं 8 जुलाई को तथा ठाकुर पारा भवन में 6 से 8 जुलाई तक लगाए जाएंगे। शिविरों में नागरिकों से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे, आवश्यक दस्तावेजों का परीक्षण होगा तथा पट्टा सर्वे एवं नियमितीकरण संबंधी जानकारी भी उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में बताया गया कि विशेष शिविरों के समापन के बाद 9 जुलाई 2026 से गठित सर्वे दल प्राथमिकता के आधार पर नगरीय निकायों के प्रत्येक वार्ड में घर-घर जाकर सर्वे कार्य प्रारंभ करेंगे। सर्वे दल निर्धारित प्रारूप में जानकारी संकलित करेंगे, उसका भौतिक सत्यापन करेंगे तथा पात्र हितग्राहियों की सूची तैयार करेंगे। निर्धारित समय-सीमा 10 अगस्त 2026 से पूर्व संपूर्ण सर्वे कार्य पूर्ण कर लिया जाए, ताकि पात्र हितग्राहियों को शीघ्र लाभ प्रदान किया जा सके।

## विधायक ने सुनी समस्याएं...



**कवर्धा।** जनसेवा ही भावना सेवा सुविधा केंद्र में विधायक भावना बोहरा ने सुनी लोगों की समस्याएं।

# पीटीआई लक्ष्मी नारायण का सम्मान, दी गई विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पोंड़ी

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय पोंड़ी में 36 वर्षों तक पीटीआई के रूप में अपनी सेवाएं देने वाले लक्ष्मी नारायण चंद्राकर के सेवानिवृत्त होने पर भावभीनी विदाई एवं सम्मान समारोह का आयोजन शनिवार को किया गया।



इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने उनके लंबे समर्पित सेवाकाल को याद करते हुए सम्मानित किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य संजय गुप्ता, शाला विकास समिति अध्यक्ष वेद साहू, सरपंच प्रतिनिधि मोतीराम साहू सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं कर्मचारी उपस्थित थें।

विद्यालय परिवार ने चंद्राकर के स्वस्थ, सुखद एवं उज्ज्वल सेवानिवृत्त जीवन की कामना करते हुए उन्हें साल श्रीफल स्मृति चिन्ह एवं अभिनंदन पत्र भेंटकर सम्मानित किया। इस अवसर बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थें।

# टीचर्स एसोसिएशन का सदस्यता अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी की अध्यक्षता में स्थानीय राजीव गांधी पार्क में आयोजित जिला स्तरीय बैठक में सर्वसम्मति से कई अहम फैसले लिए गए, जिसमें प्रमुख रूप से संविलियन से शिक्षा विभाग में आए शिक्षकों के मुख्य मुद्दा पूर्व सेवा की गणना कर पुरानी पेंशन के लिए न्यायालयीन रास्ते सहित हर मोर्चे से संघर्ष किया जाएगा।

वर्तमान सत्र 2026-27 के सदस्यता अभियान की शुरुवात करते हुए जिले के समस्त शिक्षकों से जुड़ने का आव्हान किया गया। शिक्षक पात्रता की सीमित विभागीय परीक्षा का आयोजन करने, सीजी व्हिएसके एप्प के स्थान पर शासन द्वारा डिवाइस उपलब्ध कराने, सेवापुस्तिका व सीजीपीएफ पासबुक को अद्यतन कर स्थानीय संपरीक्षक व कोष एवं लेखा से सत्यापन कराने, सहायक शिक्षकों के समयमान व क्रमोन्नति के विकल्प चयन हेतु समयमान वेतनमान के निर्धारण को स्पष्ट करने, टेट की अगस्त 2028 तक



निर्धारित छूट अवधि में केवल वरिष्ठता के आधार पर शिक्षक संवर्ग को पदोन्नति देने, विधानसभा में किए गए घोषणा के अनुरूप कैशलेश चिकित्सा हेतु स्पष्ट व सरल प्रक्रिया अविलम्ब जारी करने, तैतीस वर्ष के स्थान पर केंद्र सरकार के समान बीस वर्ष की कुल सेवा अवधि पर पूर्ण पेंशन देने, डीएड योग्यताधारी शिक्षकों को छः माह का बीएड ब्रिजकोर्स कराने की मांग किया गया। जिले के सभी शिक्षकों से पालक संपर्क कर अपने विद्यालय में नामांकन बढ़ाने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हेतु बेहतर कार्य करने का आव्हान किया गया।

इस सत्र उच्च परीक्षा में सम्मिलित होने वाले शिक्षक निर्धारित प्रारूप में आवश्यक दस्तावेज संलग्न कर तीस जुलाई तक अपने डीडीओ में आवेदन जमा कर सकते हैं। यह भी स्पष्ट किया गया कि छत्तीसगढ़ शासन का द्वारा एक सितंबर 2018 को जारी शाला संचालन का स्थाई आदेश अभी भी प्रभावशील है, जिसके अनुसार एक पाली में संचालित समस्त शालाएँ शनिवार को प्रातः 7.30 से 11.30 बजे तक संचालित करने का उल्लेख है।

बैठक के प्रारम्भ में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष ने जिला व प्रान्त स्तर पर संघीय गतिविधियों की विस्तृत जानकारी प्रदान किया, तत्पश्चात उपस्थित पदाधिकारियों व सदस्यों से सुझाव आमंत्रित किए जाने के बाद सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। बैठक में बड़ी संख्या में छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे।

# सहकारिता सप्ताह के समापन पर 6 को कवर्धा में संगोष्ठी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

भारत सरकार के सहकारिता मंत्रालय की स्थापना के पांच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 29 जून से 6 जुलाई तक मनाए जा रहे सहकारिता सप्ताह के समापन अवसर पर 6 जुलाई 2026, सोमवार को जिला स्तरीय कृषक संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा।



यह कार्यक्रम दोपहर 12 बजे शासकीय पीजी कॉलेज ग्राउंड (कॉलेज डोम), कवर्धा में आयोजित होगा। कार्यक्रम में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र के सांसद संतोष पाण्डेय करेंगे। इस अवसर पर पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा, गौसेवा आयोग के अध्यक्ष विरेश्वर पटेल, कृषक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष सुरेश चंद्रवंशी, जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, नगर पालिका परिषद कवर्धा के अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, छत्तीसगढ़ पुलिस जवाबदेही प्राधिकरण के सदस्य भगत पटेल तथा जिला पंचायत की सभापति श्रीमती दीपा पप्पू धुर्वे सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहेंगे।

आयोजकों द्वारा आयोजन को सफल बनाने तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

**बोड़ला में विशेष स्वास्थ्य शिविर के दौरान विशेषज्ञों ने की जांच, दी जानकारी**

# गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला

वनांचल एवं दूरस्थ क्षेत्रों की गर्भवती महिलाओं को विशेषज्ञ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के निर्देशानुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बोड़ला में निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 101 गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क सोनोग्राफी एवं स्वास्थ्य जांच कर हाई-रिस्क गर्भावस्था की समय पर पहचान, आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श और उपचार सुनिश्चित किया गया। यह पहल मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के साथ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्रों की महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में प्रभावी कदम सुनिश्चित हुआ। शिविर के दौरान चिकित्सकों ने गर्भवती महिलाओं को संतुलित पोषण, एनीमिया की रोकथाम, नियमित प्रसव पूर्व जांच तथा संस्थागत प्रसव के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सभी महिलाओं को आवश्यक दवाइयां, चिकित्सकीय परामर्श एवं जरूरत के अनुसार उपचार भी उपलब्ध कराया गया, जिससे दूरस्थ क्षेत्रों की महिलाओं को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिला। इस शिविर से बोड़ला, चिल्फी, रेंगाखार, तरेगांव, झलमला सहित वनांचल के अनेक गांवों की गर्भवती महिलाएं लाभान्वित हुईं।



**महिलाओं को दी गई आवश्यक जानकारियां**

शिविर में स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजूषा यादव ने सभी गर्भवती महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया। उन्होंने बताया कि सोनोग्राफी के माध्यम से शिशु के विकास की निगरानी, गर्भावस्था एवं संभावित प्रसव तिथि की पुष्टि, प्लेसेंटा की स्थिति, अम्नियोटिक द्रव की जांच, जन्मजात विकृतियों की पहचान, प्लेसेंटा प्रीविया जैसी जटिलताओं का पता लगाने तथा एक से अधिक भ्रूण की जानकारी प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने कहा कि यह जांच सुरक्षित मातृत्व एवं सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

**बोड़ला सेक्टर की कई महिलाएं लाभान्वित**

लाभान्वित ग्रामों में बोड़ला सेक्टर के मंडलाटोला, खरिया, बैरक एवं बोड़ला, पोड़ी सेक्टर के राम्हेपुर, सारंगपुरकला, कुसुमघटा एवं पोड़ी तथा बैजलपुर सेक्टर के खंडसरा, भलपरी, मढ़ाडाबरी, मड़मड़ा एवं बैजलपुर शामिल रहे। स्वास्थ्य सुविधाओं की सीमित उपलब्धता वाले इन क्षेत्रों में इस प्रकार के शिविर ग्रामीणों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित हो रहे हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. देवेंद्र तूरे ने बताया कि इस तरह के शिविर नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक गर्भवती महिलाओं की समय पर जांच सुनिश्चित की जा सके। वहीं, बीएमओ डॉ. पुरुषोत्तम राजपूत ने कहा कि सोनोग्राफी के माध्यम से हाई-रिस्क गर्भावस्था की प्रारंभिक पहचान होने से जटिलताओं को समय रहते नियंत्रित कर सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित किया जा सकता है।

# कबीर साहिब का मनाया गया प्रकाश पर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सद्गुरु कबीर साहिब के प्रकाश पर्व के अवसर पर कवर्धा स्थित गुरुद्वारा साहिब में सिख समाज और कबीर पंथ समाज ने संयुक्त रूप से श्रद्धा एवं उल्लास के साथ कार्यक्रम आयोजित किया।

दोनों समाजों के लोगों ने एक मंच पर आकर धार्मिक समरसता, आपसी भाईचारे और सद्भाव का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान बताया गया कि 15वीं शताब्दी की भक्ति परंपरा के दो महान संत सद्गुरु कबीर साहिब और श्री गुरु नानक देव का आध्यात्मिक संवाद मगहर-काशी क्षेत्र में हुआ था।

कबीर साहिब की रचित गुरबाणी के श्लोक एवं शबदों को श्री गुरु ग्रंथ साहिब में सम्मानपूर्वक स्थान दिया गया है, जिनका पाठ और कीर्तन आज भी विश्वभर के गुरुद्वारों में श्रद्धापूर्वक किया जाता है। सिख समाज के आमंत्रण पर कबीर पंथ समाज की विभिन्न समितियों और मंडली प्रमुखों ने बड़ी संख्या में गुरुद्वारा साहिब पहुंचकर भजन-कीर्तन में सहभागिता की। गुरुद्वारा प्रबंधक समिति एवं संगत ने पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया।

इस अवसर पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब में दर्ज गुरबाणी के शबदों का कीर्तन, कथा और गुर इतिहास का वाचन किया गया। वक्ताओं ने सद्गुरु कबीर साहिब के मानवता, समानता, प्रेम और सामाजिक समरसता के संदेश को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के समापन पर दोनों समाजों के लोगों ने एक-दूसरे को प्रकाश पर्व की शुभकामनाएं दीं तथा भविष्य में भी इसी प्रकार मिल-जुलकर धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों में सहभागिता निभाने का संकल्प लिया। इसके पश्चात सभी श्रद्धालुओं ने गुरु के अटूट लंगर में प्रसाद ग्रहण किया। अंत में गुरुद्वारा प्रबंधक समिति कवर्धा ने कार्यक्रम में शामिल सभी श्रद्धालुओं एवं अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### संयंत्रकर्मी शाबाश पुरस्कार से सम्मानित

**भिलाई।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के मानव संसाधन–ज्ञानार्जन एवं विकास विभाग द्वारा एचआरडी सेंटर में सेल 'शाबाश' योजना के अंतर्गत सम्मान समारोह हुआ। आयोजन किया गया। महाप्रबंधक प्रभारी संजीव कुमार श्रीवास्तव ने विभागीय कर्मियों को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर सेक्शन ऑफिसर विकास सरीन, सेक्शन एसोसिएट के. देवराजु, सेक्शन एसोसिएट एसआर सिन्हा तथा सेक्शन एसोसिएट प्रकाश राव को विभागीय कार्यों में उत्कृष्ट योगदान के लिए सेल 'शाबाश' योजना के अंतर्गत सम्मानित किया गया। पूर्व सेक्शन एसोसिएट धरम दास को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

### राजहरा माइंस अस्पताल के मेगा मेडिकल कैंप शिविर

**भिलाई।** बीएसपी के राजहरा माइंस अस्पताल में 1 जुलाई को मेगा मेडिकल कैंप का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सकों की बहु-विषयक टीम द्वारा स्थानीय नागरिकों को व्यापक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। शिविर में विभिन्न चिकित्सा विशेषज्ञताओं के 710 मरीजों का परामर्श एवं उपचार किया गया मरीजों को हृदय रोग, मेडिसिन, नेत्र, अस्थि रोग, शिशु रोग, ईएनटी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, सामान्य शल्य चिकित्सा, त्वचा रोग तथा दर्द प्रबंधन सहित विभिन्न विशेषज्ञताओं में परामर्श, चिकित्सकीय परीक्षण, उपचार एवं आवश्यक स्वास्थ्य मार्गदर्शन प्रदान किया गया। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदन दास, मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. प्रमोद बिनायके, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक कुमार, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. इमैनुएल मैसी, शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. कौशिक किशोर, ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. अश्विन अशोक जायसवाल, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ डॉ. हिमानी गुप्ता, सामान्य शल्य चिकित्सक डॉ. धीरज शर्मा, त्वचा रोग विशेषज्ञ डॉ. शशांक अग्रवाल तथा दर्द प्रबंधन विशेषज्ञ डॉ. निलेश चंद्र ने अपनी विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान कीं।

### 86 बीएसपी कर्मियों ने ली स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति

**भिलाई।** बीएसपी की सेवा से जून माह में 86 कर्मचारियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति लिया। खदान क्षेत्र के 5 व संयंत्र के 81 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। 4 जुलाई को भिलाई निवास के समारोह में संयंत्र के गैर-कार्यपालकों को भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर महाप्रबंधक प्रभारी जेएन ठाकुर, संजय द्विवेदी, उप महाप्रबंधक मनीष पंत और राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

### अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध शराब बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि तीन अलग-अलग मामलों में शराब बेचने वाले तीन लोगों को पुलिस ने पकड़ा है। जिसमें रुआंबाधा बजरंग चौक, भिलाई नगर निवासी अकाश सिंह, देवबलोदा, चरोदा उत्तरा बाई टंडन, फोकटपारा, कसारीडीह ललन झा उर्फ बऊवा है।

# नांदघाट में 6 से 9 जुलाई तक होगा भगवान श्री जगन्नाथ मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांदघाट

नांदघाट में जनसहयोग से निर्मित भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु के भव्य मंदिर में 6 से 9 जुलाई 2026 तक चार दिवसीय प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह धार्मिक आयोजन परमपूज्य श्री श्री श्री सदानंद तीर्थ महाराज के पावन सान्निध्य एवं आशीर्वाद में संपन्न होगा। आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव के दौरान वैदिक मंत्रोच्चार, हवन-पूजन, धार्मिक अनुष्ठान, महाभिषेक, आरती तथा भव्य शोभायात्रा सहित विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। प्रतिष्ठाचार्य पंडित डॉ. कौशल किशोर दुबे वैदिक विधि-विधान से समस्त अनुष्ठानों का संचालन करेंगे।

**चार दिनों तक होंगे विविध धार्मिक आयोजन:** महोत्सव के तहत 6 जुलाई (सोमवार) को शोभायात्रा एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। 7 जुलाई (मंगलवार) को गणेश पूजन, प्रधान संकल्प, मंडप प्रवेश, देवता आवाहन एवं ध्वजा पूजन होगा। 8 जुलाई (बुधवार) को वेदी पूजन, वास्तु देवता हवन एवं महाआरती आयोजित की जाएगी। वहीं 9 जुलाई (गुरुवार) को वेदी पूजन, हवन, भगवान श्री जगन्नाथ महाप्रभु की प्राण-प्रतिष्ठा, महाभिषेक, श्रृंगार तथा महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम संपन्न होगा।

## विधि विधान से होगी प्राण प्रतिष्ठा

### अब सालभर होंगे भगवान के दर्शन

इस वर्ष जनसहयोग से निर्मित नए भव्य मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा की विधिवत प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके बाद श्रद्धालुओं को वर्षभर मंदिर में दर्शन-पूजन का अवसर मिलेगा। आयोजन समिति ने क्षेत्र के सभी श्रद्धालुओं एवं धर्मप्रेमियों से प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव में शामिल होकर धर्मलाभ प्राप्त करने की अपील की है।



### एक दशक पहले शुरू हुई थी रथयात्रा की परंपरा

आयोजन समिति ने बताया कि लगभग एक दशक पूर्व नांदघाट थाना में पदस्थ तत्कालीन निरीक्षक जे.आर. सहारे की पहल से नांदघाट में भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा की परंपरा शुरू हुई थी। इसके लिए भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा की पारंपरिक काष्ठ प्रतिमाएं विशेष रूप से जगन्नाथ पुरी से मंगाई गई थीं। तब से क्षेत्रवासी सामाजिक समरसता, भाईचारे और श्रद्धा के साथ इस महापर्व को मनाते आ रहे हैं।

## जागरूकता : समाज के विभिन्न वर्गों ने निभाई सक्रिय भागीदारी

# 108 पौधों से हरियाली का संकल्प: भूतड़ा परिवार व 'सहयोग' संस्था ने दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा





पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने और आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित भविष्य सुनिश्चित करने के उद्देश्य से रविवार को बेमेतरा में एक प्रेरणादायी पौधारोपण अभियान आयोजित किया गया। स्वर्गीय बाबूलाल भूतड़ा, स्वर्गीय मूलचंद भूतड़ा एवं स्वर्गीय मनोज भूतड़ा की स्मृति में 'भूतड़ा परिवार' के तत्वावधान में आयोजित इस अभियान में 108 छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। सुबह 7 बजे शहर के बांधा तालाब (चौपाटी के पीछे) परिसर में शुरू हुए इस अभियान में तेज बारिश के बावजूद प्रकृति प्रेमियों का उत्साह देखते ही बना। पीपल, बरगद, नीम और आम जैसे पर्यावरण के लिए अत्यंत उपयोगी पौधों का रोपण कर उपस्थित लोगों ने केवल पौधे लगाने तक ही अपनी जिम्मेदारी सीमित नहीं रखी, बल्कि उनके संरक्षण एवं नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। अभियान में 'सहयोग संस्था बेमेतरा', 'लक्ष्य फाउंडेशन', नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियों, स्थानीय प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया प्रतिनिधियों तथा बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरिभूमि परिवार की ओर से हरिभूमि पत्रकार अमीन पप्पू रवानी ने कहा कि 'सहयोग' संस्था जिस समर्पण और निस्वार्थ भावना से प्रतिदिन स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में कार्य कर रही है, वह पूरे जिले के लिए प्रेरणास्त्रोत है। व्यस्त दिनचर्या के बावजूद समाज सेवा के लिए समय निकालना संस्था के सदस्यों की संवेदनशीलता और सामाजिक प्रतिबद्धता को दर्शाता है। जितेंद्र शुक्ला ने संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिस प्रकार किसी मंच पर प्रत्येक कलाकार की अपनी महत्वपूर्ण भूमिका होती है, उसी प्रकार 'सहयोग' संस्था का प्रत्येक सदस्य अपनी जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का कार्य कर रहा है। नगर पालिका के स्वच्छता प्रभारी रिंकू चौहान ने कहा कि संस्था के निरंतर सहयोग से नगर पालिका को स्वच्छता अभियान संचालित करने में महत्वपूर्ण सहायता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान समाजसेवी संजय दुबे ने नागरिकों से अपने घर एवं आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा पॉलीथीन का पूर्णतः बहिष्कार करने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्वच्छ और हरित शहर का निर्माण केवल प्रशासन नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी से ही संभव है। संस्था के सचिव सुशील शर्मा ने संस्था की कार्ययोजना एवं उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संस्था का शहर के प्रति जुड़ाव पूरी तरह भावनात्मक है। 'जल, जंगल और जमीन' के संरक्षण को लेकर संस्था निरंतर कार्य कर रही है तथा नई पीढ़ी को भी पर्यावरण संरक्षण के लिए आगे आने के लिए प्रेरित कर रही है। भूतड़ा परिवार की ओर से शांति देवी भूतड़ा ने प्रकृति संरक्षण को प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक दायित्व बताते हुए कहा कि यदि समाज सामूहिक रूप से पौधारोपण और पौधों के संरक्षण का संकल्प ले, तो आने वाले वर्षों में बेमेतरा को और अधिक हरित एवं स्वच्छ बनाया जा सकता है। वहीं संजय भूतड़ा ने पर्यावरण संरक्षण पर आधारित प्रेरक गीत प्रस्तुत कर उपस्थित लोगों को भावुक एवं प्रेरित किया। कार्यक्रम में प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से आनंद साहू, भूपेंद्र साहू एवं योगेश सिंह राजपूत सहित दानदाता परिवार की ओर से देवकी भूतड़ा, शांति देवी भूतड़ा तथा विजय भूतड़ा मंचासीन रहे। 'लक्ष्य ग्रुप' के प्रशिक्षुओं ने भी पूरे उत्साह के साथ पौधारोपण अभियान में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान रमण काबरा, डॉ लाला राम साहू, रामा मोटवानी ,राजू सलूजा ,गेंदराम साहू, मुकेश देवांगन, मुन्ना भूतड़ा, नीलू चांडक, सहित अन्य सहयोग संस्था के सदस्य मौजूद रहे।



# डीआईजी रामकृष्ण साहू ने पुलिस कंट्रोल रूम का किया औचक निरीक्षण

## अपराध नियंत्रण के दिए सख्त निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

पुलिस उप महानिरीक्षक रामकृष्ण साहू ने रविवार को पुलिस कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण कर अधिकारियों एवं कर्मचारियों की बैठक ली। उन्होंने कंट्रोल रूम की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए प्रत्येक सूचना पर त्वरित कार्रवाई, टीम भावना से कार्य करने और कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के निर्देश दिए। डीआईजी ने कंट्रोल रूम में संधारित अभिलेखों का अवलोकन करते हुए कहा कि प्राप्त होने वाली सभी सूचनाएं तत्काल संबंधित अधिकारी तक पहुंचाई जाएं तथा उनकी कार्रवाई का विवरण लॉग बुक और रजिस्टर में अनिवार्य रूप से दर्ज किया जाए। उन्होंने आम जनता से आने वाले फोन कॉल को धैर्यपूर्वक सुनकर संबंधित थाना एवं चौकी को तत्काल सूचना देने और अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा व अन्य नशीले पदार्थों से जुड़ी शिकायतों की अलग से निगरानी रखने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बीट प्रणाली को मजबूत करने, कम्यूनिटी पुलिसिंग को बढ़ावा देने, विजिबल पुलिसिंग, नियमित चेकिंग अभियान, संदिग्ध व्यक्तियों का सत्यापन तथा यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराने पर जोर दिया।

साथ ही वीआईपी एवं वीवीआईपी दौरों के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में नियमित जांच और अपराध नियंत्रण के लिए मजबूत सूचना तंत्र विकसित करने के निर्देश भी दिए। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश यादव, निरीक्षक कृष्णकांत सिंह, सोनल ग्वाला, चंद्रदेव वर्मा, दुलेश्वर चंद्रवंशी, सहायक उपनिरीक्षक दिलीप सिंह, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक सुरेन्द्र कुमार, सूरज प्रकाश, जितेन्द्र कुमार कश्यप सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वर्षों तक सहते रहे शोषण, अब ठेका मजदूरों ने उठाई आवाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र में ठेका मजदूरों को वेतन देने के बाद कथित रूप से रकम वापस लेने के मामले में केंद्रीय श्रम विभाग की कार्रवाई तेज हो गई है। ठेका मजदूर वर्षों तक शोषण सहते रहे, अब उन्होंने एकजुटता का परिचय देते हुए आवाज उठाई है।

उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कार्यालय, रायपुर में हुई सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं ने अपने आरोपों के समर्थन में बैंक लेनदेन से जुड़े दस्तावेज प्रस्तुत किए। इस सुनवाई में बीएसपी प्रबंधन का प्रतिनिधि उपस्थित हुए लेकिन संबंधित ठेका कंपनी का ठेकेदार या कोई प्रतिनिधि सुनवाई में उपस्थित नहीं हुआ। उप मुख्य श्रमायुक्त (केंद्रीय) कार्यालय, रायपुर में हुई सुनवाई में श्रमिक संघ और ठेका मजदूरों ने आरोप लगाया कि ठेका कंपनी जीआर एंटरप्राइजेस के माध्यम से कार्यरत मजदूरों का आर्थिक शोषण किया जा रहा है। संघ ने दावा किया कि मजदूरों को वेतन का भुगतान करने के बाद उनसे राशि वापस ली जाती थी। शिकायत के समर्थन में प्रभावित मजदूरों और सुपरवाइजर के बीच हुए बैंक ट्रांजैक्शन से जुड़े दस्तावेज भी केंद्रीय श्रम विभाग के समक्ष प्रस्तुत किए गए। जानकारी के अनुसार सुनवाई में बीएसपी प्रबंधन की ओर से सहायक प्रबंधक एचआर-आईआर एंड सीएलसी हरीश बैतुले उपस्थित हुए।

# सोशल मीडिया पर वायरल आपत्तिजनक धार्मिक पोस्ट के विरोध में यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल ने सौंपा ज्ञापन



**भिलाई।** सोशल मीडिया पर वायरल एक कथित एआई जनरेटेड धार्मिक पोस्ट को लेकर यूनाइटेड क्रिश्चियन काउंसिल, दुर्ग ने जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच एवं दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। काउंसिल ने कहा कि वायरल पोस्ट में ईसाई एवं हिंदू धर्म से जुड़े आराध्य स्वरूपों के संबंध में आपत्तिजनक सामग्री प्रदर्शित की गई है, जिससे दोनों समुदायों की धार्मिक भावनाएं आहत होने तथा सामाजिक सौहार्द प्रभावित होने की आशंका है। काउंसिल ने प्रशासन से मांग की कि वायरल पोस्ट की गहन जांच कर दोषियों की पहचान की जाए तथा उनके विरुद्ध विधि सम्मत सख्त कार्रवाई की जाए।

काउंसिल ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि जांच में किसी भी समुदाय, यहां तक कि ईसाई समुदाय के व्यक्ति की संलिप्तता सामने आती है, तो उसके विरुद्ध भी समान रूप से कानूनी कार्रवाई की जानी चाहिए। इसके साथ ही भविष्य में सोशल मीडिया पर इस प्रकार की भड़काऊ एवं आपत्तिजनक सामग्री के प्रसार पर प्रभावी रोक लगाने तथा जिले में सभी धर्मों और समुदायों के बीच शांति, सद्भाव एवं आपसी सम्मान बनाए रखने के लिए आवश्यक कदम उठाने की भी मांग की गई है।

# ननि आयुक्त का जोन-5 में निरीक्षण, उद्यान से टेनिस कोर्ट तक व्यवस्थाओं का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 क्षेत्र का व्यापक निरीक्षण कर नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उद्यान, क्रिकेट कोर्ट, पेवर ब्लॉक, सफाई व्यवस्था, यात्री प्रतीक्षालय और टेनिस कोर्ट की स्थिति का बारीकी से अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक मरम्मत एवं संधारण कार्य शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने सेक्टर-10 स्थित उद्यान का निरीक्षण करते हुए साफ-सफाई और पेवर ब्लॉक की स्थिति देखी। उन्होंने पार्क की सुंदरता और सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक सुधार कार्य कराने के निर्देश दिए। वहीं समीप स्थित क्रिकेट कोर्ट का निरीक्षण कर जाली और नेट की मरम्मत जल्द कराने को कहा। निरीक्षण के दौरान सड़क क्रमांक-5 पर रोड किनारे लगे पेवर ब्लॉकों की स्थिति भी देखी गई। लंबे समय से उपयोग में होने के कारण कई स्थानों पर पेवर ब्लॉक उखड़ गए हैं, जिससे बारिश के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही है। आयुक्त ने संबंधित एजेंसी के माध्यम से इनका तत्काल संधारण कराने के निर्देश दिए। जोनल मार्केट के पास स्थित कचरा डंपिंग प्वाइंट का निरीक्षण करते हुए उन्होंने पाया कि पिछले कुछ दिनों से कचरा नहीं उठाया गया है। आयुक्त ने कचरे का तत्काल उठाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि क्षेत्रवासियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सके।

पेज 9 के शेष

### रिमझिम बारिश से थमी ...

ने किसानों के लिए राहत और उम्मीद दोनों लेकर आई है। खेत-खार पानी से लबालब हो गए हैं, जिससे किसानों के चेहरों पर खुशी साफ दिखाई दे रही है। धान की बुआई और अन्य खरीफ फसलों के लिए यह बारिश बेहद लाभकारी मानी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेती-किसानी के कार्यों में जुट गए हैं और अच्छी बारिश से बेहतर उत्पादन की उम्मीद जता रहे हैं। बारिश के बीच सबसे अधिक परेशानी बिजली व्यवस्था को लेकर भी देखने को मिली। दिनभर शहर और आसपास के क्षेत्रों में बिजली की लगातार आंख-मिचौली से आमजन परेशान रहे। बार-बार बिजली गुल होने से घरेलू कामकाज, व्यापारिक गतिविधियां और विद्यार्थियों की पढ़ाई भी प्रभावित हुई। लोगों ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार की मांग की है। मौसम के इस बदले मिजाज से तापमान में गिरावट दर्ज की गई, जिससे लोगों को उमस और गर्मी से राहत मिली। मौसम सुहावना होने से जहां लोगों ने मानसून का आनंद लिया, वहीं जलभराव और बिजली की बदहाल व्यवस्था ने उनकी मुश्किलें भी बढ़ा दीं। जानकारों के अनुसार, जिले में पिछले तीन दिनों के दौरान अच्छी बारिश दर्ज की गई है और अनुमान है कि अब तक सामान्य मानसूनी वर्षा का लगभग 25 प्रतिशत पानी बरस चुका है। यदि आगामी दिनों में भी इसी तरह बारिश जारी रही तो जिले में खरीफ सीजन के लिए यह बेहद शुभ संकेत साबित होगा।

### बदहाल व्यवस्था: बारिश ...

रोड और मंडी क्षेत्र का निरीक्षण किया तथा पानी निकासी के लिए नालियों की सफाई कराई। इस पूरे घटनाक्रम ने नगर पालिका की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। हर वर्ष बारिश से पहले बड़े नालों की सफाई और मलबा निकालने का काम कराया जाता रहा है, लेकिन इस बार अधिकांश वार्डों में यह कार्य समय पर नहीं हुआ। जानकारी के अनुसार सफाई का ठेका दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं होने के कारण कार्य बीच में ही बंद हो गया, जिससे कई वार्डों में नालियों की सफाई अधूरी रह गई। नतीजतन पहली ही बारिश में जलभराव की स्थिति बन गई। खुद सभापति विकास तम्बोली ने भी स्वीकार किया कि वार्ड में समय रहते नालियों की सफाई नहीं होने के कारण यह स्थिति बनी। हालांकि सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब नगर पालिका के पास सफाई व्यवस्था की जिम्मेदारी और संसाधन मौजूद हैं, तब नगर पालिका के सभापति को स्वयं नालियों में उतरकर सफाई क्यों करनी पड़ी? पहली ही बारिश में जलभराव और जनप्रतिनिधि द्वारा खुद सफाई करने की नौबत ने नगर पालिका की तैयारियों और कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

### प्रेम प्रसंग में पत्नी ...

के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 109(1), 331(2) एवं 3(5) के तहत कार्रवाई कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

### प्रेम प्रसंग ...

गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने शुरुआत से ही हर संभावित पहलू पर जांच की। पुलिस महानिरीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी ओंकार साहू के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड, फॉरेंसिक विशेषज्ञों की सहायता ली गई। साथ ही मोबाइल कॉल डिटेल, तकनीकी साक्ष्यों एवं अन्य महत्वपूर्ण सुरागों का गहन विश्लेषण किया गया। जांच की कड़ियां जुड़ने के बाद पुलिस आरोपियों तक पहुंच गई और 5 जुलाई को तीनों को गिरफ्तार कर लिया।

आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद मामले का खुलासा किया गया। पत्नी द्वारा अपने ही पति की हत्या की साजिश रचने की घटना पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। वारदात के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा गया था। पुलिस की त्वरित एवं तकनीकी जांच के चलते महज तीन दिनों में मामले का खुलासा हो गया और तीनों आरोपी सलाखों के पीछे पहुंच गए। वहीं गंभीर रूप से घायल मनोहर साहू का उपचार रायपुर एम्स में जारी है, जहां चिकित्सकों की निगरानी में उसकी हालत अब भी चिंताजनक बनी हुई है।

### हथियार लहराकर धमकाने वाला पकड़ाया

**भिलाई।** लोहे का हथियार लेकर धमकाने वाले को पुलिस ने पकड़ा है। सुपेला पुलिस ने बताया कि चंद्रा-मौर्या चौक के पास हथियार लहराने वाले कॉन्ट्रेक्टर कॉलोनी सुपेला निवासी राम सुखम पाल को पकड़ा गया। उसके पास से लोहे का हथियार जब्त किया है। जिसकी कीमत 500 रुपए आंकी गई है। आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।



## खबर संक्षेप



### गांजा बेचने वाली महिला गिरफ्तार, भेजा जेल

**भिलाई।** अवैध रुप से गांजा बेचने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर राम नगर कुम्हारी निवासी कोचिं देवार को पकड़कर उसके पास से 1.570 किलो ग्राम गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत 78 हजार 500 रुपए आंकी गई है।

### दशगात्र में शामिल होने गए परिवार के मकान का ताला टूटा

**भिलाई।** दशगात्र में शामिल होने गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात को पार करने का मामला सामने आया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि सनत देशमुख परिवार समेत ग्राम भेडसर (कौडियाडीह) दशगात्र कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। दूसरे दिन अपने घर वार्ड 52 न्यू सुन्दर नगर बोरसी दुर्ग लौटने पर लोहे के गेट का ताला टूटा पड़ा मिला। मकान के भीतर का सारा सामान बिखरा पडा मिला। मकान से अज्ञात ने 1 नग सोने का गुलबंद सेट, सोने का पुराना खिनवा, चांदी का कमरबंद, दस जोडी चांदी का बिछिया, 4 जोडी चांदी का पायल समेत अन्य जेवरात गायब मिला। नगदी रकम 13 हजार भी गायब था। आसपास खोजबीन करने पर जानकारी मिलने से तुरंत पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई गई।

### आईपीएल सट्टा और म्यूल अकाउंट चलाने वाले को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई।** आईपीएल सट्टा, म्यूल अकाउंट का कारोबार करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने जगदलपुर निवासी कुछ लोग सुपेला क्षेत्र में आईपीएल सट्टा,म्युल अकाउंट का उपयोग कर बैंक खाते, पासबुक, एटीएम कार्ड अन्य दस्तावेज बेचने यहां पहुंचे थे। सूचना पर पुलिस ने पांच रास्ता ओवरब्रिज के पास घेराबंदी कर तीन को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने स्वयं व अन्य व्यक्तियों के बैंक खातों व्यवसायिक खातों को सुपेला निवासी विशाल गुप्ता समेत अन्य व्यक्तियों को आईपीएल सट्टा, म्युल अकाउंट संचालन के लिए बेचने की जानकारी दी थी। मामले में पूर्व में चार आरोपियों को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। विवेचना के दौरान फरार पांचवा आरोपी आदर्श नगर, उतई निवासी दुलेश्वर कुमार को गिरफ्तार कर न्यायालय प्रस्तुत किया। जहां से उसे न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। आरोपी के पास से पुलिस ने कई दस्तावेज जब्त किया है। पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि किसी भी व्यक्ति को अपना बैंक खाता, एटीएम कार्ड, पासबुक अथवा बैंकिंग दस्तावेज उपयोग के लिए उपलब्ध न कराएं।

सरदा और भटगांव पहुंची सीईओ प्रेमलता पद्माकर, डबरियों के रखरखाव, पौधारोपण और हर घर सोक पीट निर्माण के दिए निर्देश

# मनरेगा से बनी डबरियों का जिपं सीईओ ने किया निरीक्षण, जल संरक्षण व आजीविका बढ़ाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



जिले में जल संरक्षण को बढ़ावा देने और ग्रामीणों की आजीविका को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) एवं वीबी जी राम जी अभियान के तहत निर्मित निजी एवं आजीविका डबरियों का शनिवार को जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रेमलता पद्माकर ने ग्राम पंचायत सरदा एवं भटगांव में निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ जनपद पंचायत बेरला की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री दिव्या ठाकुर, एपीओ नवीन साहू तथा कार्यक्रम अधिकारी अरविंद कश्यप भी मौजूद रहे। सीईओ श्रीमती पद्माकर ने डबरी निर्माण कार्यों की गुणवत्ता, निर्धारित मापदंड, आकार एवं प्रगति का जायजा लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी जल संरक्षण संबंधी कार्य तय मानकों के अनुरूप निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि डबरियां केवल वर्षा जल संरक्षण का माध्यम नहीं हैं, बल्कि किसानों के लिए सिंचाई, पशुपालन, मछली पालन एवं अन्य आजीविका गतिविधियों का मजबूत आधार भी बन रही हैं। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि हाल ही में हुई अच्छी बारिश के कारण निर्मित डबरियों में पर्याप्त मात्रा में जल संचय हो चुका है। इससे किसानों को आगामी कृषि कार्यों के लिए सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी, वहीं भू-जल स्तर में सुधार और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। सीईओ ने हितग्राहियों से संवाद कर उन्हें डबरियों का उपयोग मछलीपालन, सब्जी उत्पादन एवं अन्य आय वर्धक गतिविधियों के लिए करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि मनरेगा के तहत निर्मित परिसंपत्तियों का अधिकतम उपयोग कर ग्रामीण परिवार अपनी आय बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को सभी जल संरचनाओं के नियमित रखरखाव के निर्देश दिए तथा डबरियों के आसपास व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण कराने पर जोर दिया। साथ ही प्रत्येक घर में सोक पीट निर्माण को प्राथमिकता देने और ग्रामीणों को इसके महत्व के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सोक पीट के माध्यम से वर्षा जल का बेहतर संचयन होगा, जिससे भू-जल पुनर्भरण बढ़ेगा और भविष्य में जल संकट की संभावना काफी हद तक कम होगी। जिला पंचायत द्वारा जल संरक्षण, प्राकृतिक संसाधनों के संवर्धन एवं ग्रामीण आजीविका को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से संचालित विभिन्न योजनाओं की लगातार निगरानी की जा रही है, ताकि शासन की योजनाओं का लाभ जिले के अधिक से अधिक ग्रामीण परिवारों तक प्रभावी ढंग से पहुंच सके।



## बागेश्वर धाम सेवा समिति का भव्य आयोजन, राज्यपाल से मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा/नवागढ़

■ शिवम तिवारी ने समिति को सौंपा स्मृति-चिह्न

नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नांदल में श्री श्री 1008 बागेश्वर धाम सेवा समिति द्वारा बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री के जन्मोत्सव के अवसर पर भव्य धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं और क्षेत्रवासियों ने सहभागिता कर कार्यक्रम को सफल बनाया।

इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका की ओर से समिति के लिए भेजी गई विशेष सप्रेम भेंट एवं सम्मान स्वरूप स्मृति-चिह्न को बेमेतरा के जनसेवक शिवम तिवारी ने समिति के पदाधिकारियों को भेंट किया। सम्मान प्राप्त होने पर समिति के सदस्यों ने राज्यपाल के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शिवम तिवारी ने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में भाईचारा, समरसता और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए आयोजन समिति के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में भी ऐसे आयोजनों के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

कार्यक्रम के दौरान भक्ति, श्रद्धा और उत्साह का वातावरण रहा। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों, श्रद्धालुओं एवं समिति के सदस्यों की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमामय बना दिया।

## बदहाल बिजली व्यवस्था से त्रस्त बेमेतरा, घंटों कटौती और लो वोल्टेज ने बढ़ाई मुसीबत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ बारिश में अंधेरे में रहते कई गांव, पेयजल, पढ़ाई, ऑनलाइन सेवाएं और कारोबार प्रभावित



जिले की बदहाल विद्युत व्यवस्था अब आमजन के लिए गंभीर समस्या बनती जा रही है। गर्मी के मौसम में नियमित बिजली नहीं मिलने से परेशान उपभोक्ताओं को अब बारिश के दिनों में भी राहत नहीं मिल रही है। लगातार बिजली गुल रहने, घंटों की अघोषित कटौती और लो वोल्टेज की समस्या ने शहर से लेकर ग्रामीण अंचलों तक जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। हालात ऐसे हैं कि कई गांव पिछले कई दिनों से बार-बार अंधेरे में डूब रहे हैं, जबकि विद्युत आपूर्ति की अनिश्चितता से लोगों में भारी नाराजगी व्याप्त है। बार-बार बिजली बाधित होने का असर केवल घरेलू जरूरतों तक सीमित नहीं है। मोटर पंप बंद रहने से पेयजल संकट गहराने लगा है। आधार कार्ड केवाईसी, ऑनलाइन सेवाएं, मोबाइल चार्जिंग, बैंकिंग कार्य तथा अन्य डिजिटल सुविधाएं भी प्रभावित हो रही हैं। विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित हो रही है तो छोटे व्यापारियों और दुकानदारों के कामकाज पर भी प्रतिकूल असर पड़ रहा है। लो वोल्टेज के कारण कई स्थानों पर पंखे, कूलर और अन्य विद्युत उपकरण भी सही ढंग से संचालित नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई विद्युत उपकेंद्रों के अंतर्गत आने वाले गांवों में लंबे समय से विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है, लेकिन स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं दिख रही है। शिकायत करने पर संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों द्वारा फोन तक नहीं उठाए जाने की बात भी सामने आ रही है। यदि संपर्क हो भी जाता है तो एक ही जवाब मिलता है कि अन्य स्थानों पर फॉल्ट सुधारने के बाद बिजली बहाल होगी, लेकिन यह नहीं बताया जाता कि आपूर्ति कब तक सामान्य होगी। ऐसे में उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ता है और कई बार जनप्रतिनिधियों की सिफारिश का सहारा लेना पड़ता है। बारिश के मौसम में बिजली गुल रहने से ग्रामीणों की चिंता और बढ़ गई है। रात के समय अंधेरा छाए रहने से सांप, बिच्छू और अन्य जहरीले जीव-जंतुओं का खतरा बना रहता है। कई गांवों में लोग टॉर्च और वैकल्पिक साधनों के सहारे रात बिताने को मजबूर हैं, जिससे दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी रहती है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते विद्युत व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो आम लोगों का आक्रोश कभी भी फूट सकता है। उन्होंने शासन-प्रशासन, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और विद्युत वितरण कंपनी से मांग की है कि तकनीकी खामियों को तत्काल दूर कर नियमित, निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि जिले के हजारों उपभोक्ताओं को इस लंबे संकट से राहत मिल सके।

## अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन की नई प्रांतीय कार्यकारिणी ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| थानखम्हरिया

■ डॉ. रमन सिंह की मौजूदगी में अग्रवाल सम्मेलन का शपथ ग्रहण समारोह



अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन, छत्तीसगढ़ की प्रांतीय कार्यकारिणी का भव्य एवं गरिमामय शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। समारोह में छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री एवं विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह मुख्य अतिथि तथा पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष बसंत मित्तल सहित राष्ट्रीय एवं प्रदेश पदाधिकारियों तथा प्रदेशभर से आए अग्रबंधुओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। समारोह के आयोजन पर प्रदेश अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल, प्रदेश प्रभारी ईश्वर अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री कर्तव्य अग्रवाल एवं महेश अग्रवाल को समाजजनों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। वक्ताओं ने कहा कि यह आयोजन समाज की एकता, संगठन, सेवा और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण है, जो प्रदेश नेतृत्व के कुशल मार्गदर्शन एवं कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

प्रदेश सदस्यता प्रभारी एवं अग्रवाल सभा बिलासपुर के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि सम्मेलन शिक्षा, सेवा, संस्कार और युवा सशक्तिकरण के क्षेत्र में समाजहित में नए आयाम स्थापित करेगा। समारोह में बेमेतरा जिले से जिला अध्यक्ष अनिल सिंघानिया के नेतृत्व में प्रमोद सिंघानिया, शिवेंद्र बिंदल, रौनक मुरारका, सुनील अग्रवाल एवं किरोड़ीमल अग्रवाल ने सहभागिता की। आयोजन समिति ने सभी प्रतिनिधियों का दुपट्टा ओढ़ाकर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। कार्यक्रम के समापन पर प्रदेशभर से आए अग्रबंधुओं ने समाज की एकजुटता को और सुदृढ़ करने तथा संगठन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## योग से स्वस्थ जीवन का संदेश, मां गोदावरी आनंदवन में भव्य शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



मां गोदावरी आनंदवन आश्रम में सन टू ह्यूमन फाउंडेशन, रायपुर के तत्वावधान में रविवार को विशेष योग, प्राणायाम एवं स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में आश्रम में निवासरत बुजुर्गों, योग साधकों एवं प्रबुद्धजनों सहित सैकड़ों लोगों ने उत्साहपूर्वक सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का संदेश दिया।

योग प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम, ध्यान एवं सूक्ष्म व्यायाम का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक लाभों की विस्तार से जानकारी दी। बुजुर्गों की आयु और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें सरल एवं सहज योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया, ताकि वे नियमित रूप से योग को अपने दैनिक जीवन का हिस्सा बना सकें। माँ गोदावरी आनंदवन ट्रस्ट के योगेश तिवारी ने कहा कि बुजुर्गों की सेवा, सम्मान और स्वास्थ्य संरक्षण समाज का नैतिक दायित्व है। आश्रम में नियमित योग, स्वास्थ्य परीक्षण, आध्यात्मिक प्रवचन, सांस्कृतिक एवं मनोरंजन गतिविधियों के माध्यम से वरिष्ठजनों को पारिवारिक वातावरण उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जीवनशैली में योग सबसे सरल, प्रभावी और प्राकृतिक उपचार है, जिसे हर व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। उन्होंने सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्था स्वास्थ्य, योग और मानव सेवा के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रही है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर महादेव बराल, गोपाल अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, डॉ. सी.पी. सेन सहित मां गोदावरी आनंदवन परिवार के सदस्य एवं बड़ी संख्या में प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

## नवागढ़ में झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिले, शहर में जलभराव से बढ़ी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

■ पहली ही बारिश में जलभराव ने खोल दी तैयारियों की पोल



कई दिनों के इंतजार के बाद रविवार को नवागढ़ अंचल में झमाझम बारिश हुई। सुबह से शाम तक रुक-रुककर हुई बारिश से किसानों को बड़ी राहत मिली, वहीं नगर के कई हिस्सों में जलभराव और कीचड़ की समस्या भी सामने आई।

### बारिश से खेती को मिली रफ्तार

धान उत्पादक क्षेत्र होने के कारण किसान अच्छी बारिश का इंतजार कर रहे थे। बारिश से खेतों में पर्याप्त नमी पहुंचने के बाद अब किसानों ने धान की बुवाई की तैयारी तेज कर दी है। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी नियमित बारिश होती रही तो खरीफ सीजन बेहतर रहने की उम्मीद है।

**बाजार और सड़कों पर भरा पानी:** रविवार को साप्ताहिक बाजार के दौरान हुई बारिश से कई स्थानों पर पानी भर गया और कीचड़ होने से लोगों को आवागमन में परेशानी हुई। व्यापारियों ने कहा कि बारिश खेती के लिए जरूरी है, लेकिन बेहतर जल निकासी व्यवस्था होने से बाजार प्रभावित नहीं होता।

### जल निकासी व्यवस्था पर उठे सवाल

पहली अच्छी बारिश में ही नगर के कई प्रमुख मार्गों और निचले इलाकों में जलभराव की स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने नगर पंचायत से जल निकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की मांग की है। किसानों रोशन धर दीवान, कृष्णा यादव, चंद्रपाल साहू, मिथलेश पुरबिया और भागवत सोनकर ने कहा कि बारिश से खेती को नई उम्मीद मिली है और अब सभी को नियमित मानसूनी वर्षा का इंतजार है।

लोकतांत्रिक प्रक्रिया से चुने गए छात्र प्रतिनिधि

# संकुल केंद्र बारगांव के सभी स्कूलों में हुआ बाल पंचायत का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



विकासखंड बेरला के संकुल केंद्र बारगांव अंतर्गत सभी शासकीय स्कूलों में शासन के निर्देश एवं शैक्षिक कैलेंडर के अनुसार बस्ता रहित शाला दिवस पर बाल पंचायत का गठन लोकतांत्रिक प्रक्रिया से किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चयन किया और विद्यालय संचालन में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। संकुल केंद्र के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव सहित बलौदीकला और पिपरोलडीह विद्यालयों में हर वर्ष की तरह बाल पंचायत का गठन किया गया। बच्चों ने अनुशासन मंत्री, स्वच्छता मंत्री, मध्यान्ह भोजन संचालन मंत्री, बागवानी मंत्री, पुस्तकालय संचालन मंत्री, शाला नायक एवं शाला नायिका सहित विभिन्न पदों के लिए अपने साथियों का चयन किया। चयनित छात्र-छात्राओं को विद्यालय के संचालन, अनुशासन बनाए रखने तथा विभिन्न गतिविधियों की जिम्मेदारी सौंपी गई।

**प्रवीण और ओमिन बने शाला नायक-नायिका:** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला बारगांव में प्रवीण को शाला नायक तथा ओमिन को शाला नायिका चुना गया। संकुल प्राचार्य श्याम सिंह ने सभी चयनित छात्र प्रतिनिधियों का गुलाल लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, अनुशासन का पालन करने तथा समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान को सफल बनाने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी कम से कम एक पौधा लगाए और उसकी नियमित देखभाल करे। वन महोत्सव के अवसर पर विद्यार्थियों को पौधारोपण एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई।

### 2011 से लगातार हो रहा है बाल पंचायत का गठन

संकुल समन्वयक सुरेंद्र कुमार पटेल ने बताया कि बारगांव संकुल में वर्ष 2011 से प्रत्येक विद्यालय में लोकतांत्रिक पद्धति से बाल पंचायत का गठन किया जा रहा है। इस पहल से बच्चों में नेतृत्व, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास हो रहा है। उन्होंने बताया कि संकुल के सभी विद्यालयों में विद्यार्थियों द्वारा विकसित बागवानी और हरियाली के कारण इसे हरियर संकुल के नाम से भी जाना जाता है। बच्चे स्वयं पौधारोपण करते हैं, उनकी देखभाल करते हैं तथा विद्यालय की स्वच्छता, रखरखाव और अनुशासन की जिम्मेदारी भी निभाते हैं। इससे शिक्षकों को शिक्षण कार्य पर अधिक ध्यान देने का अवसर मिलता है।

बाल पंचायत गठन एवं सम्मान समारोह में बाल पंचायत प्रभारी भारतीय तिवारी, हेमलता परगनिया, सरोज यदु, सुनील वर्मा, भारत वर्मा, शंकर साहू, हेम सिंह साहू, गंगाधर दुबे, रामायण ध्रुव, चंद्र प्रकाश, संजय, संतोष कुमार, सृष्टि तिवारी, राजेश यादव, रेणुका वर्मा सहित संकुल के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

